# पाठ 15
# मंडी से घर तक

---

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 120)

**प्रश्न 1.** क्या तुम्हारे घर में भी किसी को सुबह बहुत जल्दी उठना पड़ता है? किस समय? किस काम के लिए?

**उत्तर:** मेरे घर में मेरे भैया को सुबह जल्दी उठना पड़ता है। वे 5.00 बजे सुबह उठते हैं। वे पढ़ाई करने के लिए सुबह जल्दी उठते हैं।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 122)

**बताओ**

**प्रश्न 1.** बाबूजी पिछले दिन की सब्जियाँ पहले बेचने की कोशिश करते हैं। वे ऐसा क्यों करते होंगे?

**उत्तर:** क्योंकि पिछले दिन की बची हुई सब्जियाँ पहले खराब हो जायेंगी।


**प्रश्न 2.** क्या तुमने कभी सूखी या सड़ी-गली सब्जी देखी है? कहाँ?

**उत्तर:** हाँ, मैंने सूखी तथा सड़ी-गली सब्जियाँ अपने घर में तथा सब्जी मंडी में देखी है।

**प्रश्न 3.** तुम्हें कैसे पता चलता है कि सब्जी खराब हो गई है?

**उत्तर:**

**प्रश्न 4.** नीचे घड़ियों में दिखाए गये समय पर तुम और वैशाली क्या-क्या कर रहे होते हो?




**उत्तर:**




**प्रश्न 5.** तुम्हारे घर में सब्जियाँ कहाँ से आती हैं? उन्हें कौन लाता है?

**उत्तर:** मेरे घर में सब्जियाँ बाजार से आती है। प्रायः मेरी मम्मी और मैं सब्जियाँ लाता हूँ।

**एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 123)**

## सब्जियों के साथ कुछ खेल

**प्रश्न 1.** अब की बार जब घर में भिंडी आए, तब कुछ भिंडी लेकर देखो। क्या ये सब भिंडियाँ एक ही नाप की हैं?

**उत्तर:** नहीं, सभी भिंडियाँ एक ही नाप की नहीं हैं। ये अलग-अलग नाप की हैं।

**प्रश्न 2.** उनमें से सबसे लंबी और सबसे छोटी भिंडी छाँटो और नाप कर लिखो।

**उत्तर:** सबसे लंबी भिंडी 6 ईंच की तथा सबसे छोटी भिंडी 2 ईंच की हैं।

**प्रश्न 3.** क्या उनके रंग एक से हैं?

**उत्तर:** हाँ, उनके रंग एक से हैं।

**प्रश्न 4.** क्या वे एक जितनी मोटी हैं?


**उत्तर:** नहीं, वे अलग-अलग मोटाई के हैं।

**प्रश्न 5.** दो भिडियों को लंबाई में काटो। क्या उनमें एक जितने बीज हैं?

**उत्तर:** नहीं, दोनों भिंडियों में एक जितने बीज नहीं हैं।

**प्रश्न 6.** कॉपी में उनके चित्र बनाओ।

**उत्तर:**



**प्रश्न 7.** सीमा की मम्मी बाजार से कुछ फल-सब्जियाँ लाई हैं। कॉपी में उनके नाम भी लिखो।

**उत्तर:** बैंगन, आलू, कद्दू, टमाटर, गाजर, भिंडी, साग।

**प्रश्न 8.** चित्र में उन्हें ढूँढ़ो और रंग भरो।



**उत्तर:** स्वयं करो।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 124)

**पता करो**

**प्रश्न 1.** यहाँ पर कुछ फल और सब्जियों की सूची दी गई है। इनमें से कौन-कौन से फल और सब्जियाँ पहले खराब हो जाएँगे और कौन-से कुछ दिन तक रखे जा सकते हैं? उनके नाम तालिका में ठीक जगह पर भरो। तुम अपनी तरफ से कुछ और नाम भी इस सूची में डाल सकते हो।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पालक | आलू | केला | टमाटर | नाशपाती | चीकू | अनानास |
| लौकी | प्याज | फूलगोभी | खीरा | अंगूर | अदरख | |

| जल्दी खराब होने वाले फल और सब्जियाँ | कुछ दिनों तक रखे जा सकने वाले फल और सब्जियाँ |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

**उत्तर:**

| **जल्दी खराब होने वाले फल और सब्जियाँ** | **कुछ दिनों तक रखे जा सकने वाले फल और सब्जियाँ** |
|---|---|
| पालक | लौकी |
| केला | आलू |
| फूलगोभी | प्याज |
| टमाटर | नाशपाती |
| खीरा | चीकू |
| अंगूर | अदरख |
| बैंगन | अनानास |

**प्रश्न 2.** इनमें से कुछ फल और सब्जियाँ छूने से चिकनी लगती हैं और कुछ खुरदरी। इनके नाम छाँट कर सही सूची में लिखो।

| चिकनी सब्जियाँ | खुरदरी सब्जियाँ |
|---|---|
| | |
| | |
| | |

**उत्तर:**


| **चिकनी सब्जियाँ** | **खुरदरी सब्जियाँ** |
|---|---|
| पालक | आलू |
| लौकी | प्याज |
| केला | फूलगोभी |
| खीरा | नाशपाती |
| सेव | चीकू |
| अंगूर | अदरख |

| | |
|---|---|
| बैंगन | अनानास |
| टमाटर | |

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 125, 126)


**प्रश्न 1.** किसी एक फल या सब्जी का नाम लिखो, जो तुम्हें उठाने में सबसे भारी लगे। उसका चित्र कॉपी में बनाओ।

**उत्तर:** कद्दू



**प्रश्न 2.** तुमने जो फल और सब्जियाँ खाईं हैं, उनमें से सबसे हल्का फल या सब्जी कौन-सी है? उसका नाम लिखकर कॉपी में चित्र बनाओ।

**उत्तर:** अंगूर



**प्रश्न 3.** तीन ऐसी सब्जियों के नाम लिखो, जिनमें बीज नहीं होते।

**उत्तर:** आलू, गोभी, पत्ता गोभी।

**प्रश्न 4.** नीचे दी गई तालिका को पूरा करो। तुम इसमें अपनी पसंद के तीन और नाम जोड़ सकते हो।

| **नाम** | **रंग** | **लंबाई** | **मात्रा** | **दाम्** |
|---|---|---|---|---|
| सेव | | | (1/2 किलो) | |
| केला | | | (1 दर्जन) | |
| आलू | | | (1/2 किलो) | |

**उत्तर:**

| **नाम** | **रंग** | **लंबाई** | **मात्रा** | **दाम्** |
|---|---|---|---|---|
| सेव | लाल/हरा | 5 सें.मी. | (1/2 किलो) | 50 रुपये |
| केला | पीला | 12 सें.मी. | (1 दर्जन) | 25 रुपये |
| आलू | ग्रे | 5 सें.मी. | (1/2 किलो) | 5 रुपये |
| पत्ता गोभी | हरा | 20 सें.मी. | 1 किलो | 20 रुपये |
| भिंडी | हरा | 6 सें.मी. | 1 किलो | 20 रुपये |
| टमाटर | लाल | 5 सें.मी. | 1 किलो | 25 रुपये |

**प्रश्न 5.** अपने इलाके के किसी सब्जी बेचने वाले व्यक्ति से बातचीत करो। उनसे ये प्रश्न पूछकर कॉपी में एक छोटी-सी रिपोर्ट बनाओ।
उनका नाम क्या है?

**उत्तर:** तारिक अनवर

**प्रश्न 6.** उनके घर में कितने लोग हैं?

**उत्तर:** दस लोग।

**प्रश्न 7.** कितने बच्चे हैं?

**उत्तर:** उनके घर में चार बच्चे हैं।

**प्रश्न 8.** उनके बच्चों के नाम और उनकी उम्र क्या है।

**उत्तर:**

महताब – 15 साल
शमीम – 12 साल
ज़बेदा – 8 साल
रजिया – 3 साल

**प्रश्न 9.** सब्जी बेचने में उनकी मदद कौन-कौन करते हैं?

**उत्तर:** उसकी पत्नी एवं उनका बेटा।

**प्रश्न 10.** ठेले/रेहड़ी/दुकान पर उनके अलावा कौन-कौन बैठते हैं?

**उत्तर:** उनकी पत्नी, उनके पिताजी, उनका बड़ा लड़का।

**प्रश्न 11.** वे कौन-कौन सी सब्जियाँ बेचते हैं?

**उत्तर:** सभी तरह की सब्जियाँ।

**प्रश्न 12.** वे कितने बजे काम शुरू करते हैं?

**उत्तर:** वे सुबह 4 बजे अपना काम शुरू करते हैं।

**प्रश्न 13.** वे दिन में लगभग कितने घंटे काम करते हैं?

**उत्तर:** वे लगभग 15 घंटे काम करते हैं।

**प्रश्न 14.** उनसे किन्हीं तीन सब्जियों के बारे में कुछ बातें पता करो-

| | **सब्जी-1** | **सब्जी-2** | **सब्जी-3** |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| सब्जी का नाम | | | |
| उसका दाम (प्रति किलो) | | | |
| कौन सी जगह से लाई जाती है? | | | |
| एक बार में वे कितनी सब्जी खरीदते हैं? | | | |
| यह सब्जी किन महीनों में ज्यादा आती है? | | | |

**उत्तर:**

| | **सब्जी-1** | **सब्जी-2** | **सब्जी-3** |
|---|---|---|---|
| सब्जी का नाम | आलू | प्याज | टमाटर |
| उसका दाम (प्रति किलो) | 10 रुपये | 10 रुपये | 10 रुपये |
| कौन सी जगह से लाई जाती है? | सब्जी मंडी | सब्जी मंडी | सब्जी मंडी |
| एक बार में वे कितनी सब्जी खरीदते हैं? | 100 किलो | 100 किलो | 100 किलो |
| यह सब्जी किन महीनों में ज्यादा आती है? | फरवरी-मार्च | फरवरी-मार्च | फरवरी-मार्च |